कार्यालय जिला न्यायाधीश, अलीगढ़ ।

नीलामी सूचना (संशोधित)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में जनपद न्यायालय, अलीगढ़ के मुख्यालय परिसर में एक चाय-कैंटीन, एक फल-चाट की दुकान, पाँच फोटोस्टेट मशीन की दुकान, एक फोटोग्राफी की दुकान एवं एक चना-चबैना की दुकान के ठेका की नीलामी दिनांक 27.03.2026 को समय सायं 04:30 बजे जनपद न्यायालय, अलीगढ़ परिसर के लाइब्रेरी भवन स्थित सभागार में होना निर्धारित किया गया था।

तदोपरान्त, मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 3663/Admin. (E-I) Section/XC-4/ 2026 dated: Allahabad: 24.03.2026 द्वारा श्री राम नवमी पर्व के उपलक्ष्य में पूर्व में किया गया **अवकाश दिनांक 26.03.2026 को निरस्त करते हुए उक्त दिवस को कार्यदिवस एवं दिनांक 27.03.2026 को श्री राम नवमी पर्व के उपलक्ष्य में अवकाश घोषित** किया गया है।

अतः माननीय जनपद न्यायाधीश, अलीगढ़ महोदय के आदेश दिनांकित 25.03.2026 के अनुपालन में दिनांक 20.03.206 को जारी विज्ञप्ति में नीलामी की तिथि में **आंशिक संशोधन करते हुए नीलामी दिनांक 28.03.2026 को समय सायं 04:30 बजे** जनपद न्यायालय, अलीगढ़ परिसर के लाइब्रेरी भवन स्थित सभागार में होना निश्चित किया जाता है। नीलामी की शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी। उक्त नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तों की अधिक जानकारी मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकृत वेबसाइट **https://www.allahabadhighcourt.in**, जनपद न्यायालय, अलीगढ़ की अधिकृत बेवसाइट **https://aligarh.dcourts.gov.in** एवं शासकीय बेवसाइट **https://aligarh.nic.in** से व केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, अलीगढ़ से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

दिनांक:- 25.03.2026

24/3/26

(संजय कुमार यादव-I)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट)
अलीगढ़।

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-</u>

Himanshu
25-03-26.

1. माननीय जिला न्यायाधीश, अलीगढ़ महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. श्रीमान नोडल ऑफिसर कम्प्यूटर्स को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति/सूचना को जिला न्यायालय, अलीगढ़ एवं मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकृत वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. श्रीमान सूचना निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ को समाचार-पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
4. श्रीमान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अलीगढ़ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति/सूचना को https://aligarh.nic.in की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. जनपद न्यायालय, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करनें हेतु।
6. वाह्य न्यायालयों एवं ग्राम न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
7. सिविल व फौजदारी बार एसोशियेशन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
8. कार्यालय जिलाधिकारी, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करनें हेतु।
9. नगर निगम, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करनें हेतु।
10. भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
11. जिला पंचायत, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

24/3/26

(संजय कुमार यादव-I)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट)
अलीगढ़।